an>

Title: Need to repair the stretch of Jhansi-Mirzapur National Highway in Banda, Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाले एकमात्र राष्ट्रीय राजमार्ग झांसी-मिर्जापुर मार्ग की हालत बहुत ही खराब है। कर्वी से लेकर बरगद की घाटी तक लगभग 100 किलोमीटर सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है तथा भारी-भारी गड्ढे हो गए हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग है। मऊ के आगे एक कम्पनी ने कार्य शुरू किया था, लेकिन कई महीनों से वह कार्य बंद पड़ा है। इसके फलस्वरूप सड़क उसी हालत में टूटी पड़ी है। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इलाहाबाद में माघ मेला शुरू होने वाला है। चित्रकूट धाम को जोड़ने वाला यही प्रमुख मार्ग है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि यथाशीघ्र इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत करवा कर अविलम्ब ठीक कराने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष :

श्री केशव प्रसाद मौर्य को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।